भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2275

जिसका उत्तर शुक्रवार, 12 दिसंबर, 2025/21 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाना है।

रामगुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड

2275. श्री माधवनेनी रघुनंदन रावः

क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या रामगुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (आरएफसीएल) में उत्पादन जारी है और यदि हाँ, तो उसका वर्तमान उत्पादन स्तर क्या है;
(ख) आरएफसीएल की स्थापना के पश्चात् से उर्वरक के उत्पादन एवं उपभोग का वर्षवार ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या आरएफसीएल में नियुक्ति में अनियमितताओं के आरोप सूचित किए गए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन मुद्दों का समाधान करने हेतु क्या कार्रवाई की गई;
(घ) आरएफसीएल में भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु किये जा रहे उपायों का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) आरएफसीएल की वर्तमान वित्तीय स्थिति क्या है और भविष्य के विस्तार या विकास हेतु योजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख): रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड (आरएफसीएल) का यूरिया संयंत्र वर्तमान में अपनी निर्धारित क्षमता के लगभग 92% क्षमता पर काम कर रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए, आरएफसीएल ने दिनांक 30.11.2025 तक 4.80 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन किया है। आरएफसीएल की स्थापना के बाद से इसमें यूरिया का उत्पादन और इसकी खपत/बिक्री का वर्षवार विवरण निम्नलिखित है:

आरएफसीएल में यूरिया का वर्षवार उत्पादन और इसकी खपत/बिक्री (आंकड़े एलएमटी में)		
वित्तीय वर्ष	**उत्पादन**	**खपत/बिक्री***
2021-22	3.83	2.69
2022-23	8.41	7.70
2023-24	11.12	10.09
2024-25	11.95	12.57

**स्रोत-आईएफएमएस*

(ग) और (घ): आरएफसीएल में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से बोर्ड द्वारा अनुमोदित आरएफसीएल की भर्ती नीति और भर्ती नियमों के अनुसार है, और रोजगार संबंधी मुद्दों पर किसी भी शिकायत को प्रासंगिक नीति के अनुसार आरएफसीएल द्वारा निपटाया जाता है।

(ड.): 30.09.2025 तक, आरएफसीएल की कुल संपत्ति 1,60,547.42 लाख रुपये है जिसमें 1,89,025 लाख रुपये की इक्विटी शेयर पूंजी और 28,477.58 लाख रुपये की ऋणात्मक आरक्षित निधि शामिल है। आरएफसीएल के पास 2,72,894.49 लाख रुपये की दीर्घकालिक उधारी और 65,436.85 लाख रुपये की अल्पकालिक उधारी भी है।

वर्तमान में, आरएफसीएल का आगे विस्तार करने की कोई योजना नहीं है.

****